Title: Re: Fixing of Rate of Sugarcane.

श्री मलूक नागर (बिजनौर): सभापति महोदय, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद कि आपने मुझे बोलने का मौका दिया । महोदय, पूरे देश के और खासकर, पश्चिमी उत्तर प्रदेश के गन्ना किसान बहुत परेशान हैं । पिछले आठ सालों में केवल दो बार, एक बार 25 रुपये और एक बार 10 रुपये गन्ने का रेट बढ़ा है जबकि अगर आठ-नौ सालों की महंगाई को जोड़ें तो यह करीब 85-90 प्रतिशत होती है । वहीं, इसके रेट केवल 35 रुपये बढ़े हैं, जो 300 रुपये के करीब होनी चाहिए थे । आज मैं आपसे मांग करता हूं कि गन्ने का रेट कम से कम 150 रुपये बढ़ाया जाए । महोदय, देश में यह एक ऐसी चीज है, जिसकी पिछले तीन महीने से सप्लाई तो चालू है, पर उसके रेट अभी निश्चित नहीं हैं । इसलिए मैं आपके माध्यम से मांग करता हूं कि उत्तर प्रदेश सरकार और भारत सरकार गन्ने का रेट जल्दी तय करे और इसे कम से कम 150 रुपये बढ़ाए ।